बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति सं0—PR.................../2024

सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई के कक्षा–11वीं (सत्र 2024–26) में नामांकन हेतु ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा, 2024 का प्रवेश पत्र निर्गत करने तथा परीक्षा संबंधी आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला जमुई के कक्षा–11वीं (सत्र 2024–26) में नामांकन हेतु ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा, 2024 में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों, संबंधित जिला पदाधिकारियों, संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारियों एवं सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला जमुई के कक्षा–11वीं में नामांकन हेतु ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा, 2024 **दिनांक 28.06.2024** को निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर एक पाली में Computer Based Test (CBT) द्वारा आयोजित होगी, जिसका कार्यक्रम निम्नवत् है:–

पाली	द्वितीय पाली
Reporting Time	अपराह्न 1:30 बजे
Gate Closing Time	अपराह्न 2:30 बजे
Cool-off Time	अपराह्न 2:45 बजे से अपराह्न 03:00 बजे
Test Time	अपराह्न 03:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक

2. सिमुलतला आवासीय विद्यालय ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा, 2024 कक्षा–11वीं का प्रवेश पत्र **दिनांक 22.06.2024** के पूर्वाह्न से समिति के वेबसाईट https://bsebsimultala.com पर अपलोड रहेगा। संबंधित अभ्यर्थी अपने Application No. को Login Id के रूप में एवं Date of Birth (eg. DDMMYYYY) को पासवर्ड के रूप में उपयोग कर समिति के उक्त बेवसाइट से **दिनांक 22.06.2024** के पूर्वाह्न से अपना मूल प्रवेश पत्र डाउनलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

3. उक्त परीक्षा के लिए निर्गत मूल प्रवेश पत्र में परीक्षा केन्द्र का नाम, परीक्षा की तिथि, परीक्षा का समय, परीक्षा केन्द्र पर पहुँचने का समय, परीक्षा केन्द्र का गेट बन्द होने का समय आदि का विवरण अंकित रहेगा।

4. अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में अथवा प्रवेश पत्र से संबंधित अन्य किसी प्रकार की कठिनाई हो तो संबंधित अभ्यर्थी हेल्प लाइन नम्बर– 9546114508 पर सम्पर्क कर सकते हैं अथवा **Helpdesk email Id :** bsebsimultala@gmail.com पर अपना आवेदन भेज सकते हैं।

5. अभ्यर्थी परीक्षा की तिथि के एक दिन पूर्व परीक्षा केन्द्र का Location अवश्य ज्ञात कर लें, ताकि परीक्षा तिथि के दिन परीक्षा केन्द्र पर जाने में कोई कठिनाई न हो।

6. अभ्यर्थी को निर्गत किये जा रहे मूल प्रवेश पत्र में परीक्षा के संबंध में आवश्यक निदेश अंकित हैं, जिनका पालन किया जाना अपरिहार्य है।

21/6/24

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

ज्ञापांक : के0वि0 468 /2024 पटना, दिनांक 21/06/2024